भोपाल से दक्षिण भारत के राज्यों के लिये सीधी उड़ान

2098. **श्री कैलाश नारायण सारंग** :क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भोपाल से दक्षिण भारत के लिये कोई सीधी उड़ान नहीं है;

(ख) क्या यह सच है कि काफी समय से यात्री भोपाल से हैदराबाद, मद्रास, तिरुवनन्तपुरम और बंगलौर तक की सीधी उड़ानों की मांग करते रहे हैं;

(ग) यदि हां, तो भोपाल से इन उड़ानों को शुरू न करने के क्या कारण हैं; और

(घ) इन उड़ानों के कब तक शुरू कर दिये जाने की संभावना है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आज़ाद) : (क) जी, हां।

(ख) से (घ) प्रचालन करने वाले कर्मीदल की कमी के कारण, इंडियन एयरलाइंस की इस समय भोपाल से दक्षिण भारत के स्टेशनों के लिए सीधी उड़ानें आरंभ करने की कोई योजना नहीं है।

Report on Aurangabad air crash

2099. SHRI PRAMOD MAHAJAN : Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state :

(a) whether Government have received any report of K. Gohain Committee on Aurangabad air crash; and

(b) if so, what are the details thereof and the action taken thereon ?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI GHULAM NABI AZAD) : (a) and (b) Shri K. Gohain, Director Air Safety in the Directorate General of Civil Aviation, Bombay was appointed as Inspector of Accidents. He submitted his report to the Court of Inquiry on 20-7-1993. The salient observations from the report are :

(i) The flight was normal till 8 seconds after rotation call given by the co-pilot. Three seconds thereafter, the aircraft hit a truck. There is, therefore, possibility of some improper handling of controls.

(ii) The aircraft was overloaded by about 1-2 tonnes.

(iii) Aircraft climb capability was reduced due to damage to its left engine, wing and elevator after its impact with the truck and the aircraft could not continue its flight.

(iv) Sabotage has been ruled out.

The accident to Indian Airlines Boeing 737 aircraft on 26-4-93 at Aurangabad is under investigation by a Court of Inquiry appointed under Rule 75 of Aircraft Rules, 1937.

उत्तर प्रदेश में कार्गो टर्मिनलों से सामान का उठाया जाना

2100. **चौधरी हरमोहन सिंह** : क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश में हवाई अड्डों के कार्गो टर्मिनलों पर सामान उठा ले जाने वाला गिरोह हाल ही में पकड़ा गया है, जिसके साथ इंडियन एयरलाइन्स और एयर इंडिया के कुछ कर्मचारी भी मिले हुये थे;

(ख) इस कदाचार में कौन-कौन से कर्मचारी/अधिकारी संलग्न पाये गये हैं; और

(ग) यदि हां, तो ऐसे अन्य कर्मचारियों का पता लगाने हेतु सरकार क्या कार्यवाही कर रही है/करने का विचार रखती है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आज़ाद) : (क) कोई ऐसा मामला ध्यान में नहीं लाया है जिसमें इंडियन एयरलाइन्स/एयर इंडिया के कर्मचारी संलग्न हों।

(ख) और (ग) ये प्रश्न नहीं उठते।

Flights through domestic airports

2101. SHRI S. S. AHLUWALIA : Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state :

(a) whether it is a fact that a number of domestic airports in the country receive not more than one flight a day and some other get only two or three flights per week;

(b) if so, what are the details thereof;

(c) what is the average annual operation and maintenance cost of such airports and whether these airports are economically viable;

(d) whether Government proposes to close down these airports which are not economically viable; and

(e) if not, what action Government proposes to take to make these airports economically viable ?